Samaj Vigyan Shodh Patrika

Vol. 2 No. XXXX (2017-18)
ISSN 0973-7626
RNI: UPBIL/2005/16107
OCTOBER 2017 - MARCH 2018

आतंकवाद एक वैश्विक समस्या

श्रीमती राधिका
असिस्टेन्ट प्रोफेसर- राजनीति विज्ञान विभाग
ए.के.पी. डिग्री कॉलेज, खुर्जा (बुलन्दशहर)।

आतंकवाद एक भयानक परिघटना है, जिसका इतिहास बहुत पुराना है। प्राचीन युग में इसके लक्षण या उदाहरण देखे जा सकते हैं, जब शासक या उसके शत्रु आतंकवादी तरीकों का प्रयोग करते थे। प्राचीन यूनानी इतिहासकार जेनोफोन (Xenophon) से लेकर आधुनिक युग में चीन के माओ (Mao) तक ऐसे अनेक लेखक हुए हैं, जिन्होंने इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। लेकिन उल्लेखनीय बात यह है कि अब इस परिघटना ने एक भयंकर विचारधारा का रूप धारण कर लिया है, जिसे वामपंथी व दामपंथी संगठनों, धार्मिक कट्टरपंथियों तथा परा–राष्ट्रवादियों, यहाँ तक कि किन्हीं राज्यों के शासकों व सैनिकों ने इसे किसी न किसी मात्रा में अपना लिया है। ऐसा लगता है कि इस परिघटना एवं विचारधारा ने वही भयंकर रूप धारण कर लिया है जो किसी समय रूस के बोल्कशेविकवाद, इटली के फासीवाद या जर्मनी के नात्सीवाद ने धारण किया था।

उदय, अभिप्राय व प्रकृति (Origin, Meaning and Nature)

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है कि आंतकवाद पुराने समय से चला आ रहा है। यूनानी इतिहासकार जेनोफोन ने शत्रुओं के खिलाफ मनोवैज्ञानिक युद्ध की प्रभावशीलता के बारे में लिखा है। रोमन सम्राट जैसे रायबेरियस व कैलीग्युला अपने विरोधियों के दमन के लिए बहुत कठोर साधनों का प्रयोग करते थे, जैसे– देश से निकालना, सम्पत्ति छीन लेना या खुले आम फाँसी लगा देना। जोशीले यहूदियों का संगठन 'सिकाराई' (छुरेधारी यहूदियों का गुट) इसी का उदाहरण है। जब अमेरिका में गृहयुद्ध चल रहा था (1860.65), तो वहाँ गोरे देशवासियों ने काले नीग्रो लोगों को भयभीत करने के लिए कू क्लक्स क्लान (Ku Klux Klan) नामक संगठन बना लिया था। आज भी ऐसे अनेक संगठन कार्यरत हैं, जैसे–आयरलैण्ड में आयरिश रिपब्लिकन आर्मी, श्रीलंका में तमिल टायगर्स, फिलिस्तीन में हमस, लेबनान में हिज्बुल्लाह, अफगानिस्तान में तालिबान व अलकायदा, पाकिस्तान में लश्कर–ए–तैयबा व जैशे मुहम्मद आदि।

आतंकवादी संगठनों का कोई भी नाम हो, मुख्य बात यह है कि वे सभी क्रमबद्ध या व्यवस्थित रूप में हिंसात्मक साधनों का प्रयोग करते हैं, ताकि जनता में भय का सामान्य वातावरण पैदा हो जाए और किसी विशेष प्रकार के राजनीतिक ध्येय की सिद्धि की जा सके। आतंकवाद को एक प्रकार की राजनीतिक दृष्टि से प्रेरित किया है, जिसमें मनोवैज्ञानिक (भय पैदा करने वाले) तथा भौतिक

(हिंसात्मक क्रिया) के तत्व शामिल हैं, जिन्हें लोगों के ऐसे संगठन इस्तेमाल करते हैं ताकि राज्य का शासन या किसी अन्य संगठन के लोग उनकी माँगों को सन्तुष्ट करें। ऐसी क्रियाएँ शासन के विरोधियों द्वारा की जाती हैं, जो कोई भी भयानक क्रिया कर सकते हैं, जैसे– महत्वपूर्ण केन्द्रों पर बमबारी, हवाई जहाज या किसी वाहन का अपहरण, किसी अधिकारी या उसके सहायकों या परिजनों को अगुवा करके बन्दी बना लेना, धार्मिक या पवित्र स्थलों पर बम विस्फोट, किसी महत्वपूर्ण शासक या नेता की हत्या, अग्निकांड, भयंकर धमकी से कड़ी चुनौतियाँ या चेतावनियाँ आदि। 'संक्षेप में, आतंकवाद एक राजनीतिक एवं लक्ष्योन्मुखी क्रिया है, जिसमें असाधारण हिंसा का प्रयोग या उसकी धमकी समाहित होती है, जिसका भौतिक की अपेक्षा मनौवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है तथा जिसके शिकार यांत्रिक न होकर प्रतीकात्मक होते हैं।'

सामान्य अर्थ में, आतंकवाद संगठित हिंसा है, जिसका रुख राज्य या उसके किसी अधिकारी की ओर होता है, ताकि कोई राजनीतिक लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इसमें हिंसा का तत्व अन्तर्निहित है, ताकि अपने विरोधी को आतंकित करके उसका दमन किया जा सके। यह मात्र हिंसा का मामला नहीं है, बल्कि आतंकवादी तरीकों से दमन फैलाना है, ताकि लोगों को ऐसा कार्य करने पर बाध्य किया जा सके, जो वे अपने तथा दूसरों के लिए कदापि नहीं करते, यदि उनके सिर पर मौत, चोट या दर्द का भय नहीं मंडरा रहा होता। कुछ माँगों को उठाकर ऐसे आतंकवादी काम किए जाते हैं। लेकिन यह प्रयास किया जाता है कि वातावरण में आंतक फैल जाए। साथ ही उस भयानक क्रिया का यथासम्भव अधिकाधिक प्रचार भी हो। आतंकवादी लोग ऐसे गन्दे कार्यों को सम्पन्न करके उनका श्रेय लेने में संतोष का अनुभव करते हैं और इसी में यह लक्षण निकलता है कि आंतक फैलाने वालों का ध्येय मात्र भौतिक क्षति पहुँचाने तक सीमित नहीं होता। इस प्रकार राजनीतिक आतंकवाद का अर्थ है किसी व्यक्ति या समूह द्वारा हिंसा या उसके प्रयोग की धमकी, चाहे वह किसी सुस्थापित सत्ता के समर्थन के विरोध में ऐसा कर रहा हो, क्योंकि ऐसी क्रिया के पीछे मन्तव्य ऐसा चिन्तामय भय फैलाना है ताकि उनका दमन करके वे अपनी माँगों को पूरा करा सकें।

स्पष्ट है कि आतंकवाद का ध्येय योजनाबद्ध तरीके से हिंसा का प्रयोग करना है, ताकि डर का माहौल पैदा करके अपने राजनीतिक प्रयोजनों को सिद्ध किया जा सके। आतंकवादी नेतागण व उनके संगठन गुप्त रूप से अपना आन्दोलन चलाते हैं। वे जानते हैं कि खुले युद्ध में उनका काम पूरा नहीं हो सकता। अतः आतंकवादी गतिविधियाँ युद्ध जैसी नहीं होतीं, न ही वे मात्र विप्लवकारी होती हैं, हाँ छापामार युद्ध से उनकी समानता स्थापित की जा सकती है। हर आतंकवादी गतिविधि में अपराधिकता का तत्व निहित होता है। इसीलिए, अमेरिका के संघीय जाँच–पड़ताल विभाग (Federal Bureau of Investigation) के अनुसार यह लोगों व उनकी सम्पत्ति के खिलाफ, बल व हिंसा का प्रयोग है, ताकि सरकार, नागरिक जनसंख्या या उनके किसी भाग को धमका कर या दबाकर अपने राजनीतिक व सामाजिक लक्ष्यों को सिद्ध किया जा सके।

ऐसा विवरण प्रस्तुत करने के उपरान्त, हम आंतकवाद के निम्न लक्षणों का उल्लेख कर सकते हैं :

1. इसमें हिंसा के प्रयोग या उसकी धमकी समाहित हैं, इसका ध्येय भय उत्पन्न करना है। मात्र अपने लक्षित शिकार के लिए नहीं, बल्कि पर्याप्त जनसंख्या के बीच ऐसा वातावरण फैल जाना चाहिए।
2. जिस मात्रा में आतंकवाद भय पर आश्रित होता है, वहीं इसे परम्परागत व छापामार युद्ध से भिन्न करता है– छापामार युद्ध निर्बल पक्ष का यन्त्र है, आतंकवाद निर्बलतम पक्ष का।

3. व्यापक पैमाने पर भय फैलाना जरूरी है, क्योंकि अपनी ख्याति फैलाने हेतु ऐसा करना जरूरी है। अतः आतंकवादी लोग व उनके संगठन अपने आक्रामक कार्यों को बराबर बढ़ाते रहते हैं, जैसे– वाहनों या यानों का अपहरण, महत्वपूर्ण लोगों को अगुवा करके बन्द रखना, बमों का विस्फोट तथा आत्मघाती दस्तों का प्रयोग।

4. सामन्यतया आतंकवाद का ध्येय उन स्थानों में लोगों के सुरक्षा भाव को मिटाना है, जिनसे वे सुपरिचित होते हैं। इसीलिए, बड़ी इमारतें, कार्यालय, पुल, महत्वपूर्ण केन्द्र, पूजा स्थल आदि उनके निशाने पर होते हैं।

5. आतंकवादी लोग दोषी व निर्दोष के बीच अर्थात् अपने लक्षित शत्रुओं व आम जनता के बीच अन्तर नहीं करते, क्योंकि ऐसा करने से उनका उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता।

6. आतंकवाद को प्रबल बनाने में किसी विचारधारा या राजीतिक अनुभववाद को प्रेरक तत्व माना जा सकता है। यदि नक्सलवादी साम्यवाद से प्रेरणा लेते हैं, तो अलकायदा वाले इस्लामी कट्टरवाद से।

7. आतंकवाद मात्र सरकारी अधिकारियों को अपना निशाना नहीं बनाता, बल्कि यह भी हो सकता है कि राजकीय संस्थाएँ अपने विरोधियों को कुचलने के लिए ऐसे साधनों का प्रयोग करें।

इन्हीं बिन्दुओं को अपने ध्यान में रखते हुए एक लेखक के अनुसार, ''आतंकवाद का अर्थ है अपने राजनीतिक प्रयोजनों की सिद्धि हेतु आतंक के तरीकों का प्रयोग करना, ताकि भय आशंका व अनिश्चितता का माहौल बने।

आतंकवाद के रूप (Forms of Terrorism) :

आतंकवाद की परिभाषा में युद्ध, छापामार युद्ध तथा विपल्व के तत्व निहित हैं किन्तु इसे उन सभी से भिन्न किया जा सकता है। युद्ध दो पक्षों के बीच खुला मुकाबला है, जिसमें दोनों पक्ष अपने परम्परागत व रासायनिक यन्त्रों का प्रयोग करते हैं। छापामार युद्ध में विरोधी पक्ष गुप्त या भूमिगत होकर अपना कार्य करता है। उसका उद्देश्य अपने शत्रु को हराना या कमजोर करना है, वह परम्परागत व रासायनिक यन्त्रों का प्रयोग करता है, इसीलिए आतंकवाद व ऐसे युद्ध के बीच अन्तर धूमिल हो जाता है, लेकिन आतंक व विप्लव के बीच अन्तर की स्पष्ट रेखा खींची जा सकती है। विप्लवकारी राष्ट्रवादी होते हैं, जो किसी अवैध शासन को हटाकर अपना वैध शासन स्थापित करना चाहते हैं। विप्लवकारियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में अपने देश के राष्ट्रवादी तत्वों से सहायता मिलती है। इसके विपरीत, आतंकवादी देशद्रोही होते हैं, जो राज्य के शत्रु–देशों से सहायता प्राप्त करके अपने राजनीतिक उद्देश्य प्राप्त करना चाहते हैं। उनका ध्येय अवैध शासन को हटाना नहीं, बल्कि भय का माहौल पैदा करके अपना हितसाधन करना है। कोई आलोचक यह कह सकता है कि ऐसा अन्तर निकालना सैद्धान्तिक धरातल पर ही लागू हो सकता है। वास्तविकता यह है कि आतंकवाद विप्लववाद से जुड़ा हो सकता है या नहीं, किन्तु आतंकवाद के बिना विप्लवकारी घटनाएँ नहीं हो सकतीं। ''विप्लव एक विविध–आयामी गतिविधि है जिसमें अनेक स्तरों पर संघर्ष चलता रहता है, लेकिन अक्सर साथ–साथ भी ऐसा हो सकता है।''

आतंकवाद के तीन रूप बताए जा सकते हैं– प्रथम, हम क्रान्तिकारी आतंकवाद को लेंगे। ऐसे लोग किसी राजनीतिक व्यवस्था को पूर्णतया मिटाकर अपनी मनचाही व्यवस्था स्थापित करना चाहते हैं। स्पेन के बास्क या पेरू के शायनिंग पाथ अफगानिस्तान के तालिबान, फिलिस्तीन के हमास आदि इसी का उदाहरण कहे जा सकते हैं। दूसरे, उप–क्रान्तिकारी आतंकवाद यह चाहता है कि

मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था बनी रहे, किन्तु उसकी कुछ शाखाओं या संस्थाओं को मिटा दिया जाए। आयरलैण्ड की आयरिश रिपब्लिकन आर्मी व दक्षिणी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस को इसी वर्ग में रखा जा सकता है। तीसरे, राज्य–प्रायोजित आतंकवाद इसका विचित्र रूप है। कभी–कभी राज्य की सेनाएँ, पुलिस व उसके अर्द्धसैनिक बल शासकों के विरोधियों को कुचल देते हैं तथा देश में आंतक फैलाकर सत्ताधारी नेताओं को सुरक्षित रखते हैं। आश्चर्य की बात है कि कुछ विदेशी शक्तियाँ गुप्त रूप से कार्य करके ऐसे आतंकवाद में अपना योगदान करती हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका ने अंगोला की पूर्ण स्वतन्त्रता के लिए राष्ट्रीय यूनियन को तथा अफगानिस्तान में तालिबान को सहायता दी। पाकिस्तान कश्मीर के आतंकवादियों को सहायता दे रहा है।

इन्हीं रूपों को देखकर आतंकवाद की कोई मानक या सुनिश्चित परिभाषा नहीं की जा सकती। यदि भय का माहौल पैदा करना आतंकवाद की प्रमुख विषेशता है तो खुला युद्ध या छापामार युद्ध का भी वही परिणाम या प्रभाव होता है। दूसरे, आतंकवाद का उजला व मैला दोनों चेहरे हैं। जब कोई राष्ट्रवादी देशद्रोही या राष्ट्र–विरोधी शक्तियों से संघर्ष करता है, तो उसे आतंकवादी कहा जाता है। किन्तु वह जिन लोगों की खातिर ऐसा करता है, उनकी दृष्टि में वह स्वतन्त्रता सेनानी बन जाता है। इसीलिए यह कहावत है कि ''एक का आतंकवादी, अन्य का स्वतन्त्रता सेनानी है।'' तीसरे, सामान्यतया ऐसा लगता है कि आतंकवादी लोग किसी सरकार के विरूद्ध अपना संघर्ष चलाते हैं। लेकिन अब राज्य द्वारा प्रायोजित आतंकवाद भी एक तथ्य बन चुका है, जैसा कम्बोडिया में पोल पाट ने किया या बोसनिया में मिलोसेविक ने। इन्हीं कारणों से आतंकवाद पदबन्ध अब अत्यन्त विवादग्रस्त हो चुका है। स्टालिनवाद व नात्सीवाद ने दिखाया कि राज्य के आतंकवाद को अतार्किक चरम सीमा के दूरस्थ छोर तक ले जाया जा सकता है।''

आतंकवाद और इस्लामी कट्टरवाद (Terrorism and Islamic Fundamentalism):

इस समय इस्लामी कट्टरवाद ने एक भयानक विचारधारा का रूप धारण कर लिया है, जिसकी अभिव्यक्ति अमरीका, ब्रिटेन, रूसी गणराज्य, इजराइल, फिलिस्तीन, सूडान, अल्जीरिया, लीबिया, ईरान व भारत जैसे देशों में होने वाली हिंसात्मक गतिविधियों में देखी जा सकती है। अनेक आतंकवादी संगठन कार्यरत हैं, जैसे– हमास, हिज्बुल्लाह, लश्कर–ए–तैयबा, अल कायदा, जैश–ए–मुहम्मद आदि, जो विश्व के अनेक भागों में बम–विस्फोटों से अंसख्य लोगों के जीवन और सम्पत्ति को अवर्णनीय क्षति पहुँचा रहे हैं। ये कट्टरवादी शक्तियाँ आधुनिकीकरण व विकास को गम्भीर चुनौतियाँ प्रस्तुत करती हैं। लोकतान्त्रिक व्यवस्था या शान्तिपूर्ण साधनों में इनकी आस्था नहीं है। इसलिए, वे पाश्चात्य संस्थाओं को नष्ट करके इस्लामी समाज की शुद्धता को बनाए रखना व उसका विस्तार करना चाहते हैं। उदाहरण के लिए, तालिबान ने अफगानिस्तान में 1996 में अपनी सत्ता स्थापित करने के बाद लड़कियों के शिक्षालय बन्द करा दिए, सिनेमाघरों में नयी छवि की फिल्मों का प्रदर्शन वर्जित कर दिया गया, तथा बौद्धों की मूर्तियाँ तोड़ डाली गयीं। यह कहना उपयुक्त होगा कि ''इस्लामी कट्टरवाद ऐसी विचारधारा है, जो आधुनिक विश्व में एक राजनीतिक व्यवस्था के रूप में इस्लाम धर्म को पुनः स्थापित करने में प्रयासरत है। यह इस्लामी समाज के उन सामाजिक समूहों व संयुक्त वर्गों की भी विरोधी है, जिन्होंने आधुनिकता के जगत के भीतर संस्थाओं, संकल्पनाओं व आदर्शों की रचना की है।''

इस खतरनाक विचारधारा के उदय का मुख्य कारण यह है कि इस्लाम अपने को बीसवीं शती के आधुनिकीकरण के अनुकल नहीं बना सका। पाश्चात्य देशों में सामाजिक व राजनीतिक संस्थाओं की संरचनाओं व उनकी कार्यशैलियों में चमत्कारी परिवर्तन हुए, लेकिन इस्लाम के कट्टरपंथी

वर्ग उन्हें पसन्द नहीं करते। वे उन्हीं परम्पराओं व व्यवस्थाओं को बनाए रखना चाहते हैं जो सातवीं शती में स्थापित हुईं। हम देख सकते हैं कि उदारवादी मुस्लिम लोगों ने इस परिवर्तन को सराहा है तथा वे इन कट्टरपंथियों के आलोचक हैं। किन्तु वे इतने शक्तिषाली नहीं हैं कि इन कट्टरपंथियों से निपट सकें।

कट्टरपंथियों का आग्रह है कि आधुनिकीकरण या विकास के नाम से किए गए सभी परिवर्तन इस्लाम धर्म की कठोर मान्यताओं के विरूद्ध हैं। और यदि संशोधन की प्रक्रिया चलती रही, तो धीरे–धीरे इस्लामी समाज का अस्तित्व ही मिट जाएगा। अपने आग्रहों को सबल बनाने के लिए इस विचारधारा के समर्थक इतिहास, राजनीति व नैतिकता तीनों को अन्तः सम्बन्धित करते हैं। तीनों एक–दूसरे से अनन्य रूप में जुड़े हैं तथा वे एक–दूसरे को प्रबलित करते हैं। ईसाई, यहूदी, हिन्दू, बौद्ध, मार्क्सवादी, तथा सभी रंगों के धर्मनिर्पेक्षवादी इस्लाम के शत्रु हैं।

अतः यदि विश्व में इस्लाम को बनाए रखना है तो इन काफिरों के खिलाफ जिहाद (धर्म युद्ध) चलता रहना चाहिए ताकि दार–उल हर्ब (संघर्ष का स्थान) को दार–उल–इस्लाम में बदला जा सके। प्रगतिवादी होने का दावा करने वाली शक्तियाँ इस्लाम विरोधी हैं, अतः उन्हें अपदस्थ किया जाना चाहिए– इसी भाव से प्रभावित होकर ईरान में इस्लामी प्रवृति आन्दोलन ने अयातुल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में उसे 'इस्लामी क्रान्ति' का नाम दिया तथा 1979 में शाह के शासन को हटाकर वहाँ इस्लामी गणतन्त्र की स्थापना की गई।

इस विचारधारा के प्रमुख सूत्रों को इस प्रकार इंगित किया जा सकता है–

1. मुस्लिम लोग अपने सच्चे रास्ते से विचलित हो गए हैं, वे पाश्चात्य संस्कृति के गुलाम होते जा रहे हैं, यहां तक कि मुस्लिम देशों के शासक पाश्चात्य मूल्यों की प्रशंसा करके उनके साथ विश्वासघात कर रहे हैं। आवश्यकता इस बात की है कि मुसलमानों के दिलों में उनके धर्म के प्रति शुद्ध आस्था स्थापित की जाए, उनका स्वाभिमान जगाया जाए तथा अशुद्ध इस्लामी शासन व्यवस्थाओं को पलट दिया जाए।
2. दुनिया में ईसाई देशों की शक्ति का बोलबाला है तथा अमरीका व ब्रिटेन सबसे आगे हैं। अतः इन बड़ी शक्तियों को चुनौती दी जाए, ताकि अमरीकी या ब्रिटिश प्रभुत्व के भ्रम को मिटा दिया जाए। इसीलिए 1 सितम्बर, 2001 को अमरीका में और फिर 7 जुलाई, 2005 को ब्रिटेन में भयानक विस्फोट हुए। इजराइल व भारत भी उनके निशाने पर हैं। उनका ध्येय यहूदियों के राज्य को मिटाकर फिलिस्तीन का एकीकरण करना है तथा भारत की शक्ति को हानि पहुँचाकर पाकिस्तान की माँगों को पूरा करना है।
3. सारी दुनिया में इस्लाम की विजय हो। यदि मार्क्स ने कहा कि ''दुनिया के मजदूरों, एक हो जाओ' तो इस कट्टरपंथी विचारधारा के समर्थकों का नारा है– ''विश्व पर इस्लाम की विजय हो।'' इसीलिए, उनकी भयानक गतिविधियाँ रूसी गणतन्त्र के दो प्रान्तों (चेचेन्या व दागिस्तान) में देखी जा सकती हैं, जहाँ उन्होंने स्वतन्त्र इस्लामी गणतन्त्र बनाने की घोषणा की, जिसे रूस की सरकार ने बलपूर्वक कुचल दिया। उन्होंने अफगानिस्तान पर कब्जा करके अपने कट्टरपंथी कार्यक्रमों को लागू किया। 2001 में अमरीका व ब्रिटेन ने तालिबान के शासन को मिटा दिया, किन्तु वहाँ गुप्त रूप से कट्टरपंथियों की गतिविधियाँ चल रही हैं।
4. आन्दोलन को बड़े पैमाने पर चलाने के लिए बहुत धन व किसी बड़ी शक्ति के

सरंक्षण की आवश्यकता होती है। अतः इस्लामी कट्टरपंथ के लोग गुप्त रूप से कुछ राज्यों से वित्तीय सहायता लेते हैं या तस्करी के कामों से अपनी धन की आवश्यकता की पूर्ति करते हैं। इराक में ऐसे तत्वों को शरण मिल रही थी, इसीलिए 2003 में अमरीका ने वहाँ सद्दाम हुसैन के शासन का अन्त किया। लेबनान की सरकार हिज्बुल्लाह को सरंक्षण दे ही है, इसीलिए इजराइल की वायु सेना ने 2006 में उनके अड्डों पर भारी बमबारी करके उन्हें पूर्णतया नष्ट करने की कोशिश की।

5. एक अर्थ में यह कट्टरवादी विचाराधारा माओवाद से मेल खाती है। चीन के महान मार्क्सवादी नेता माओ ने सुझाव दिया कि कम्युनिस्टों को ग्रामों व नगरों में घुसकर वहाँ की जनता में घुल–मिल जाना चाहिए, ताकि छापामार युद्ध की कार्यवाही को सफल बनाया जा सके। इस्लामी कट्टरवाद भी इसी सूत्र को मानता है। कुछ मदरसों में युवाओं को ऐसा शिक्षण व प्रशिक्षण दिया जाता है और फिर वे अन्य देशों में अपनी घुसपैठ करके अपने गुप्त कार्यक्रम को क्रियान्वित करते हैं। इस्लामी कट्टरवाद, जैसा ब्रिटिश प्रधानमन्त्री टोनी ब्लेयर ने कहा है, इस्लाम के बारे में पूर्णतया अन्धविश्वासी, गलत व प्रतिक्रियावादी धारणा रखते हैं। जिस प्रकार बोल्शेविकवाद (साम्यवाद) उदारवादी जगत को गम्भीर खतरा बना रहा, उसी प्रकार अब इस्लामी कट्टरवाद उदारवादी व्यवस्था के सामने अपना भयानक मुँह खोले खड़ा है। इसीलिए अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी व रूसी गणतन्त्र की उदारवादी शक्तियों ने इस भयानक विचारधारा का दमन करने का दृढ़ निश्चय कर लिया है।

6. संगठन व संचालन के तत्व को भी देखना चाहिए। किसी आतंकवादी संगठन का नेता कोई भी हो, किन्तु वह अपने अधीन काम करने वालों को उपक्रम की पूरी छूट देता है। इसीलिए उनके गुट बिखरे होते हैं तथा अपने–अपने तरीकों से काम करते रहते हैं। सर्वोच्च नेता के पकड़े जाने या उसकी हत्या से संगठन के अस्तित्व पर घातक प्रभाव नहीं पड़ता। इसीलिए प्रभुसत्ताधारी राज्य को उनके सारे जाल के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त नहीं हो सकती।

इस्लामी कट्टरवाद, साम्यवाद की तरह, एक सशस्त्र सिद्धान्त है। यह एक आक्रामक विचारधारा है, जिसे कट्टरपंथी व सशस्त्र अनुयायी विकसित करते हैं। पाश्चात्य जगत के मूल्यों, जैसे– राष्ट्रवाद, धर्म निर्पेक्षवाद व लोकतन्त्र को इस्लाम–विरोधी कहकर निन्दित किया जाता है। किन्तु यह प्रयास किया जाता है कि प्रौद्योगिक प्रगतियों व आर्थिक समृद्धि को इस्लाम की भौतिक व्यवस्था में मिलाया व उसके अनुकूल बनाया जाए। राष्ट्रवाद सार्वभौम स्तर पर मुस्लिम बन्धुत्व को नकारता है, धर्मनिरर्पेक्षवाद सभी धर्मों को समान भाव या सम्मान देकर इस्लाम का स्तर नीचा करता है तथा लोकतन्त्र ऐसे प्रतिनिधियों को सत्ताधारी बनाता है जो धार्मिक सिद्धान्तों की उपेक्षा करके विधायन व शासन का काम चलाते हैं। आतंकवादियों का मानना है कि ''उनके समक्ष दो ही विकल्प हैं– सारी दुनिया में अपने धर्म को विजयी बनाएँ या शहीद हो जाएँ। 'यदि सारे विश्व में इस्लाम की विजय होती है तो इस पृथ्वी पर स्वर्ग आ जाएगा और तभी अल्लाह का अपने सैनिकों को दिया गया वचन पूर्ण होगा।''

आलोचनात्मक मूल्यांकन (Critical Appreciation) :

निस्सन्देह, आंतकवाद एक अत्यन्त भयंकर परिघटना व विचारधारा है। यह एक अभिप्राय है, जो लोगों को प्रेरित करता है कि वे झूठ, हिंसा,

छल–कपट, द्वेष आदि का सहारा लेकर सदा अग्निपथ पर चलते रहें। यही कारण है कि आतंकवादी निर्मम हत्याएँ करते हैं और स्वयं उसी का शिकार बन जाते हैं। चाहे हिटलर के 'तूफानी दस्ते' हों या माओ के 'लाल रक्षक', सभी ने मानव समाज को गम्भीर क्षति पहुँचाई। ऐसे तर्कहीन व पथमुक्त लोग निर्दोष जनता की हत्या करते हैं तथा उसे अपनी विजय का प्रतीक मानते हैं। वे यह समझना नहीं चाहते है कि पेशेवर तैराकों की जल में ही समाधि बनती हैं।

दुःख एवं चिन्ता की बात है कि अब आतंकवाद ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बना लिया है। इसीलिए, अब राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों पर चर्चा चल रही है कि इस अभिशाप का कैसे निराकरण किया जाए। सेना व पुलिस के प्रयोग से इस पर काबू पाया जा सकता है, लेकिन उससे ज्यादा जरूरी यह है कि लोगों का मस्तिष्क या उनके सोचने–समझने की शक्ति को सुधारा जाए। युद्ध या संघर्ष के कीटाणु दिमाग में उपजते हैं, अतः लोगों को इस भयंकर विचारधारा से अवगत कराया जाए। अब लोग लोकतन्त्र के प्रबल समर्थक हो गए हैं– ऐसा उद्‌बोधन ही विश्व को आतंकवाद की भयानक विचारधारा के प्रभाव से बचा सकता है। जिन क्रान्तिकारियों ने फ्रांस में रक्तपात किया, वे उसी रक्तपात के शिकार हुए। उदारवाद की विजय फासीवाद व साम्यवाद के अन्त का प्रतीक बनी, अब उसे आतंकवाद के अन्त का प्रतीक बनना है।

जैसा कि इसके नाम से विदित होता है, आतंकवादी विचारधारा में आतंक का फैलाना निहित है, ताकि राज्य के लक्षित अधिकारियों पर दबाव डालकर अपनी माँगों को पूरा कराया जा सके। इसके समर्थक यह मानकर चलते हैं कि शस्त्रों व हिंसा के प्रयोग के बना उन्हें कुछ प्राप्त नहीं हो सकता। चूँकि वे खुला संघर्ष नहीं कर सकते, अतः वे छापामार तरीकों का प्रयोग करते हैं। अन्धविश्वासी होने के कारण इसके अनुयायी अपने प्राणों की बाजी लगाकर अपने दायित्वों का पालन करते हैं, किन्तु मूल प्रश्न यह है कि इस अभिशाप से कैसे मुक्त हुआ जाए? क्या हिंसा का जबाब हिंसा से दिया जाए या क्या गाँधीजी का अहिंसा का मार्ग कारगर हो सकता है? सैनिक बल आंतकवादी गतिविधियों को रोक सकता है, दोष को जड़ से दूर नहीं कर सकता। अतः इस तरीके को अनुनय–विनय के तरीके से जोड़कर काम करना चाहिए। पुलिस व सैनिक बलों का प्रयोग चलता रहना चाहिए, साथ ही उन समुदायों व सम्प्रदायों के दिलों व दिमागों को जीतने या बदलने का प्रयास भी चलता रहना चाहिए, जो ऐसे आतंकवाद को उत्पन्न व पोषित करते हैं।

REFERENCES

1. Chalmers-Johnson : "Terror' in A.A. Said(ed.) Human Rights and World Order, p. 48.
2. Grant Wadlaw : Political Terrorism, p. 16.
3. The New Encyclopedia Britannia (Ready Reference), Vol. 11, 15th ed. 2006, p. 650.
4. A Heywood : Politics, p. 382.
5. A.M. Scott and others : Insurgency, p. 5.
6. Heywood : op., p. 382.
7. R.A. Freidlander : Terrorism : Inter-Disciplinary Perspectives, p. 36.
8. Youssef Choueiri : 'Islam and Fundamentalism' in Eatwell and Wright (ed. S) : Contemporary Political Ideologies, pp. 255-56.
9. Patrick O' Neil : Essentials of Comparative Politics , p. 229.
10. Youself Choueiri : op. cit., p. 273.

Samaj Vigyan Shodh Patrika

Vol. 2 No. XXXX (2017-18)
ISSN 0973-7626
RNI: UPBIL/2005/16107
OCTOBER 2017 - MARCH 2018

ब्राह्मण तथा श्रमण संस्कृतियों का प्रत्यय

डा० अनिलेश कुमार सिंह
दर्शनशास्त्र विभाग
के.जी.के. पी.जी. कालेज, मुरादाबाद।

प्राचीन काल से ही भारतीय विचार–जगत में ऊहापोह रहा है, लोगों की जिज्ञासा उठती रही कि परलोक है या नहीं, मरण के अनन्तर जीव का अस्तित्व होता है या नहीं, कर्म–सिद्धान्त है या नहीं। उपरोक्त प्रश्नों के लिए लोगों में कुतूहल था तथा ब्राह्मण तथा श्रमण दोनों परम्पराओं में इन पर चर्चा होती थी। ब्राह्मण वैदिक थे। ये वेद की प्रामाणिकता को स्वीकार करते थे तो, श्रमण अवैदिक थे, वेद की प्रामाणिकता को अस्वीकार करते थे। श्रमण ने योग को अपनाया, तो ब्राह्मण ने भोग को। ब्राह्मण का लक्ष्य रहा भोग सुख एवं सुविधा, और श्रमण का लक्ष्य रहा त्याग, वैराग्य और विरक्ति। ब्राह्मण के जीवन का लक्ष्य था संसार में रहकर अधिक से अधिक सुख का उपभोग करना, जबकि श्रवण न सब के सुख के उपयोगों से होकर अध्यात्मिक सुख और आध्यात्मिक कल्याण को प्राप्त करने का अपना लक्ष्य बनाया। ब्राह्णवादी चिंतन के सुख की अन्तिम सीमा स्वर्ग तथा श्रमण ने अपने सुख की अन्तिम सीमा को मोक्ष कहा। ब्राह्मण संस्कृति के विकास ने मीमांसा दर्शन, वेदान्त दर्शन, न्याय वैशेषिक दर्शन को जन्मादि बातों से, श्रमण संस्कृति ने जैन दर्शन, बौद्व दर्शन तथा सांख्योग और आजीवन दर्शन को जन्म दिया। ब्राह्मण संस्कृति का लक्ष्य कर्मयोग पर अधिक रहा और श्रमण संस्कृति का ज्ञानयोग अथवा संयास योग पर अधिक लक्ष्य रहा है। ब्राह्मण तथा श्रमण प्रत्यय के बारे में आचार्य नरेन्द्र देव का मानना है कि "ब्राह्मण सांसारिक थे। श्रमण असांसारिक होते थे और ब्रह्मचर्य का पालन करते थे। ये सत्यान्वेषण के लिए किसी शास्त्र के अधीन होते थे। ब्राह्मण वैदिक धर्म के अनुसार मंत्र, तप, होम, दान, मंगल, प्रत्यार्श्चतादि अनुष्ठान का विधान करते थे। धर्म का रुप बाह्य था, यज्ञों में पशुवध भी होता था, कर्मकाण्ड का प्राधान्य था। इसके विपरीत श्रमण यज्ञ–यज्ञादि क्रिया–कलापों को महत्व नहीं देते थे। इनकी दृष्टि में या तो इनका फल क्षुद्र था या ये निष्प्रयोजनीय थे।"[1]

"ब्राह्मण विचारधारा यज्ञयाग के द्वारा साधक को सांसारिक सुख सामग्री सुलभ कराते थे तो दूसरी ओर श्रमण विचारधारा साधक को उस सामग्री के परित्याग का उपदेश देती थी।"[2]

"श्रमण अवैदिक परम्परा के प्रचारक एवं पृष्ठपोषक थे। वे वेदों की प्रामाणिकता को अस्वीकार करते थे तथा यज्ञादि कर्मों का विरोध करते थे। ब्राह्मण वैदिक धर्म के प्रचारक थे और यज्ञ, दान, होम, मांगलिक कृत अनुष्ठानों के प्रचारक थे।"[3]

"In the vedic tradition the source of moral norms is ultimately the vedic

relation, subject to the ultimate authority of the Vedas, the smrtis, the example of the good and the subject's own conscience act as further sources of dharma. In the sramanic tradition the emphasis is on the example and precept of the founding teachers as illustrating the spiritual ideal as available to any one in his own heart."[4]

इसके उपरान्त ब्राह्मण तथा श्रामण के प्रत्यय व उनके गुणों की चर्चा के लिए उनका अलग–अलग अध्ययन प्रांसगिक प्रतीत होता है। सर्वप्रथम ब्राह्मण संस्कृति या परम्परा पर विचार किया, इसके उपरान्त श्रामण पर किया गया है।

ब्राह्मण :

ब्राह्मण शब्द सम्प्रति समाज में एक जाति विशेष के लिए प्रयोग किया जाता है, परन्तु प्राचीन काल में ब्राह्मण शब्द का प्रयोग एक विशेष संस्कृति या पद्धति के लिए किया जाता था।

उस संस्कृति के विवेचन के लिए ऋग्वेद में अनेक स्थानों पर ब्राह्मण शब्द का प्रयोग हुआ है। ब्राह्मण शब्द ऋग्वेद के निम्न श्लोक में प्रयुक्त है–

यमृत्विजो बहुधा कल्पयन्तः सचेतसो यज्ञानि मं वहन्ति।
यो अनूचानो ब्राह्मणो युक्त आसीत्का स्वित्तल यजमानस्य सक्ति।। [5]

इसके अतिरिक्त ऋग्वेद के 10/88/19, 10/90/12 तथा 10/97/22 मंत्रो में ब्राह्मण शब्द का प्रयोग एक वचन में किया गया है। इनमें ब्राह्मण शब्द का अर्थ सायण में (ऋत्विम्लक्षणो विप्र यज्ञ कर्म विशेषे युक्तः) यज्ञ कर्म में दक्ष व्यक्ति के लिए किया है। तै0 सं0 7/1/1–4 में ब्राह्मण शब्द का प्रयोग (औषधि सामर्थ्यज्ञों ब्राह्मणौ वैद्यः) से चिकित्सा करने वाले भिषक का अर्थ ग्रहण किया गया है। कुछ स्थानों पर ब्राह्मण बहुवचन में प्रयुक्त है, जैसे (वेदाविदः मनीषिणः)। ब्राह्मण शब्द से अथर्ववेद में महान ब्रह्म का बोध होता है। इससे ब्रह्म देवता, ब्रह्मवेदिता का अर्थ भी लिया गया है। ब्राह्मण शब्द का प्रयोग– यजुर्वेद, तैत्तिरीय, शतपथ ब्राह्मण में भी मिलता है।

इस प्रकार ब्राह्मण धर्म के अभियान वाले धर्म को हम दो विभिन्न रुपों (धाराओं) में विकसित होता हुआ पाते हैं। प्रथम धर्म वह है, जो ब्राह्मण ग्रन्थों के अध्ययन से लभ्य होता है। धार्मिक उत्सवों की पुस्तक जो कि वैदिक साहित्य का वृहद अंग है। दूसरा रूप उपनिषदों में विकसित हुआ। यह ब्राह्मण धर्म यजुर्वेद संहिता के द्वारा प्रतिपादित धर्म का ही सातत्य रुप है इस कारण यह वैदिक धर्म के अन्तर्गत ही परिगणित होता है।[6]

ब्राह्णाणों की दृष्टि से संसार त्याग नाना लौकिक कर्तव्यों की पूर्ति के बाद युक्त था। इसका वर्णन उत्तराध्ययन से मिलता है–

अहिज्ज वेये परिविस्स विधे युत्तेपरिठप्प गिहंसिजाया।
भोच्याण भोए सह इत्थियाहिं आरण्णमा होह गुणों पसत्थ।। [7]

विनय पिटक में उन्हें कर्मवादी, क्रियावादी और अग्नि के परिचारक बताया गया है[8]

धम्मपद के (ब्राह्मण वग्गो) में ब्राह्मण की परिभाषा दी गयी है– जो तप, ब्रह्मचर्य, संयम और इन्द्रिय दमन जैसे गुणों से युक्त हो। सुत्त निपात्त में ब्राह्मण की परिभाषा बतायी गयी है कि–

त्पेन ब्रह्मचरियेन संयमेन दमेन च।
एतेन ब्राह्मम्णो को होति एंत ब्राह्मण मुत्तमं। [9]

ब्राह्मण को स्पष्ट करते हुए उत्तराध्ययन सूत्र में कहा गया है कि–

जहा पोमं जले जायं नोवलिप्पई वारिणा।
एवं अलित्तं कामेहिं तं वयं वुम ब्राह्मणे।। [10]

मोनियर विलियम्स कोशकार ने भी कहा है कि– "One has divine knowledge, a man belonging to first three of twice born class and of the original divisions of Hindu body (generally a priest), but of

ten in the present day a layman eng aged in non-priestly occupations although the name is strictly only applicable to one who knows and repeats the Vedas." [11]

ब्राह्मण संस्कृति सामाजिक तथा धार्मिक ऋणों के उत्तरदायित्व को समझती थी और जीवन में आनन्द को महत्व देते हुए उन गुणों आनन्दों की प्राप्ति की कामना से यज्ञ, देवपूजन करके उन्हें प्रसन्न करती थी। ब्राह्मण संस्कृति का लक्ष्य अहं त्वं स्याम् में मानव को दिव्य गुणों से युक्त होकर देवों भूत्वा देवं यजते' का ही स्पष्टीकरण है। ब्राह्मण संस्कृति का प्रारम्भ व्यष्टि जाभ तथा समाप्ति समष्टि लाभ से होता है।[12]

वेदों के याज्ञिक कृत्यों में सकाम यज्ञों का प्राचर्य था। पुरुषार्थ, कर्म तथा देव पर आलम्बन विशिष्ट कर्म थे। परम उपलब्धि अन्य जन्म में देव रूप को प्राप्त करना तथा दुःखों के ज्ञान के द्वारा परित्याग तथा ब्राह्मणत्व प्राप्ति आदि परिगणित लिए जा सकते हैं। गृहस्थ सुख की प्राप्ति के लिए यज्ञों का विधान था। ऋषि जीवन का लक्ष्य एक सम्पन्न सद्गृहस्थी के जीवन की कामना है। अतः यह प्रवृत्ति परक पद्धति ही मानी गयी है।[13]

ऋग्वेद के कुछ श्लोकों से पता चलता है कि ब्राह्मणिक संस्कृति का लक्ष्य देवोपासना द्वारा जागतिक ऐश्वर्य की वस्तुओं की प्राप्ति 'योगक्षेम', स्वस्ति, दिन–रात शुभ रहने की ही प्रार्थनायें बहुलता से लभ्य हैं। ब्राह्मण संस्कृति में "कामभयोज्यं पुरुष पुलुकामोहि मर्त्यः"। मनुष्य में इच्छाओं का बाहुल्य है। देवगणों द्वारा रक्षित का अमंगल नहीं होता है। ब्राह्मण संस्कृति चरमोपलब्धि यद्यपि मानवोत्थान में है किन्तु साथ ही साथ वह राष्ट्र कल्याण की भावना से भी ओत–प्रोत है।

श्रमण :

श्रमण शब्द भारतीय संस्कृति के प्राचीन इतिहास से प्राप्त होता है। इस शब्द का पंथ, सम्प्रदाय, दीन, मजहब आदि संकुचित दीवारों को लांघ कर अपने श्रम से किसी भी लोक–अभ्युदयकारी महान लक्ष्य को प्राप्त करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रयोग हो सकता है। श्रमण शब्द की उत्पत्ति श्रम, सम, षम, धातु से हुई है, अर्थात् श्रमण, समण (समन) तथा शमन ये तीनों शब्द प्राकृत के 'संमण' से बने हैं। इसका अर्थ है परिश्रम, समता तथा शान्ति की त्रिवेणी। वास्तव में श्रमण संस्कृति का सारभूत तत्व इन्हीं तीनों शब्दो में निहित है। प्रथम श्रमण का अभिप्राय है कि व्यक्ति के जीवन का ध्येय परिश्रम है। श्रम किये बिना ही यदि वह समाज का अन्न खाता है, तो पापात्मा है। सुख–दुख तथा उत्थान–पतन के लिए वह स्वयं ही उत्तरदायी है।[13]

जो जैसा काम करता है, उसे उसके लिए स्वयं उत्तरदायी होना है। द्वितीय समन शब्द का अर्थ है– समता अर्थात् सभी को आत्मवत् समझना। समता प्रधान होने के कारण ही यह संस्कृति श्रमण संस्कृति कहलाती है। वह समता मुख्य रुप से तीन बातों में निहारी जा सकती है– समाज विषयक समता का अर्थ है समाज में किसी एक वर्ण का जन्मसिद्ध श्रेष्ठत्व और कनिष्ठत्व न स्वीकार कर गुणकृत या कर्मकृत श्रेष्ठत्व या कनिष्ठत्व माना जाना। साध्य विषयक समता का अर्थ है अभ्युदय का एक सदृश रुप। श्रमण संस्कृति का साध्य एक ऐसा आदर्श है जहां न ऐहिक और न पारलौकिक किसी भी प्रकार का स्वार्थ नहीं है। प्राणिजगत के प्रति दृष्टि विषयक समता का अर्थ है– संसार में जितने भी जीव हैं, चाहे मानव हों या पशु–पक्षी या कीट या वनस्पति आदि सभी को आत्मवत् समझना चाहिए।[14]

समन सम शब्द से निष्पन्न है, जिसका वर्णन दर्शवैकालिक नियुक्ति से प्राप्त होता है–

ज हमम न पियं दुक्ख नाणिय एमेव सव्वजी वाणं।
न हणइ न हणाबेइ य सममणई तेष सौ समणो।।[15]

समता किसी भौतिक तत्व का नाम नहीं है, बल्कि मानव–मन की कोमल वृत्ति ही समता, तथा कूर वृत्ति ही विषमता है। समता जीवन, और विषमता मरण। समता धर्म है और विषमता अधर्म।

समता एक दिव्य प्रकाश है और विषमता घोर अंधकार। समता ही श्रमण के विचारों का निचोड़ है।[16]

तृतीय 'शमन' का अर्थ है दमन करना, अर्थात्– मन, वचन और काम पर नियंत्रण रखकर दुष्वृत्तियों और तृष्णा का उच्छेद करना तथा सद्वृत्तियों का विकास करना।[17]

श्रमण अर्थात् मुनि का उल्लेख ऋग्वेद के केशी सूक्त में वातरशन के पुत्र मुनि अतीन्द्रियार्थदर्शी जूति वात जूति आदि के कपिलवर्ण के मलिन वस्त्रधारी तम की महिमा से दीप्त होकर देवस्वरुप होने का वर्णन मिलता है।[18] ऐतरेय ब्राह्मण मं एक ऐतश उन्मत्त, मुनि के रुप में उल्लेख आता है। तैत्तिरीय आरण्यक में श्रमणों को वातरशनाः कहा गया है।[19] उपनिषदों में श्रमण शब्द का सकृत प्रयोग है। उत्तराध्ययन सूत्र में कहा गया है कि सिर मुड़ा लेने से समण नहीं होता, किन्तु समता का आचरण करने से ही समण होता है–

न वि मुण्डिए समणो, न ओंकारेण वम्भणो।
समयाए समणो होइ, वम्भचेरेण वम्भणो।। [20]

सुत्त–निपात के प्रधान सुत में महात्मा बुद्ध ने श्रमण होने के गुणों को बताया है– वासनाओं में मग्न कुछ श्रमण ब्राह्मण (सत्य) को नहीं देखते। वे उस मार्ग को नही जानते, जिस पर सुव्रती चलते है।[21]

भारत की सांस्कृतिक शाखाओं में श्रमण संस्कृति ही केवल ऐसी है, जो केवल विचार में ही उदार नहीं, अपितु आचार में काफी उदात्त एवं दृढ़ रही है।[22] श्रमण परम्परा में चाण्डालों को भी संघ में वही स्थान प्राप्त था जो राजकुमारों को था। किसी भी संस्कृति की उदारता का परिचय उसके साहित्यों की अपेक्षा आचार से अधिक मिलता है। श्रमण संस्कृति में ज्ञान की अपेक्षा चारित्रिक निर्माण पर अधिक बल दिया गया है। श्रमण संस्कृति एक अध्यात्मवादी दर्शन है।[23] उसका लक्ष्य भोग योग की ओर मानव को ले जाना है मनोगत विकारों को पराजित कर।[24]

आत्मविजय की प्रतिष्ठा ही उसका जयघोष रहा है, जिसने अपने आप को नहीं जीता, वह समस्त जगत को जीतकर भी विजेता नहीं कहा सकता। श्रमण दर्शन का यह केन्द्रीय विचार रहा है।[25]

श्रमण संस्कृति अहिंसा प्रधान, कर्म प्रधान तथा पुरुषार्थ प्रधान रही है। श्रमण संस्कृति जीवन की संस्कृति है। श्रमण संस्कृति में व्यक्ति की अपेक्षा गुणों को प्रधानता दी गई है। श्रमणों की दृष्टि में मानव प्रथम रहा। उन्होंने अपने काल में मनुष्य के हित की दृष्टि से लोकभाषा को अपनाया। श्रमण निंरतर विहार या चंकमण शील जीवन जीता था। एक स्थान पर स्थापक होकर नहीं बैठ सकता। श्रमण संस्कृति मानवतावादी चिंतन प्रणाली रही है, जो मानव के आध्यात्मिक और नैतिक विकास को ध्यान में रखकर सभी समस्याओ पर विचार करती है।

ब्राह्मण संस्कृति की चरमोपलब्धि यद्यपि मानवोत्थान में है, किन्तु साथ ही साथ वह राष्ट्र–कल्याण की भावना से भी परिपूर्ण रहा है। जबकि श्रमण संस्कृति व्यक्ति की अपेक्षा गुणों को प्रधानता प्रदान करते हुए मानव के आध्यात्मिक और नैतिक विकास की पक्षधर है।

: सन्दर्भ सूची :

1. आचार्य नरेन्द्र देव– बौद्व धर्म दर्शन पृ0– 1
2. श्रामण, वर्ष 1950, अंक–1, पृ0– 33
3. दर्शनिक त्रैमासिक, अंक– 1–2/1953 पृ0– 88
4. डा0 गोविन्द चन्द्र पाण्डेय– श्रमण ट्रेडिशन, पृ0– 27
5. ऋग्वेद– 8/58/1
6. इनसाइक्लोपीडिया ऑफ रिलीजन एण्ड एथिक्स भाग– 2, पृ0– 797
7. उत्तराध्ययन– 14/9
8. विनयपिटक– महावग्ग– पृ0– 27–34
9. धम्मपद– 26

10. सुत्त निपात्त– 3/9/62
11. उत्तराध्ययन– 25/27
12. मधुवाता–ऋतायते मधुक्षरन्ति सिन्धवः। माहवीर्नः सन्त्योशधीः मधुनक्मु तोपसो मधुमत्पार्विवं रजः। मधुद्योरस्तुनः पिता मधुमान्नौ वनस्पति मर्घुमां अस्तु सूर्यः। माहवीर्गावोभवन्तुः नः। शन्नो मवः शं वरुणः। ऋग्वेद– 1/90/6, 7, 8, 9
13. ऋग्वेद– 1/9/8, 1/7/10, 1/115/2, 10/17/7
14. डा0 पुण्यमित्र जैन– श्रमण संस्कृति का विकास एवं विस्तार, पृ0– 19
15. देवेन्द्र मुनिशास्त्री– श्रमण संस्कृति का सार, पृ0– 8
16. दशवैकालिक नियुक्ति सूत्र– 154
17. देवेन्द्र मुनि शास्त्री– श्रमण संस्कृति और उसकी प्राचीनता, पृ0– 13
18. मुनयो वातर शनाः विषंगावसतमेजा। वातस्यानु ध्राणि यन्ति यद देवासो अविक्षत।।
19. वैदिक इन्डैक्स– जि0– 2 पृ0– 167
20. तैत्तिरीय उपनिषद्– पृ0– 87, 137–38
21. वही, प्र0– 166
22. उत्तराध्ययन– 25/ 29–30
23. पमाल्हा एत्थनदिस्सान्ति, एकेसमन ब्राह्मण/सुत्त–निपात्त– 1/7/27
24. विजयमुनि शास्त्री– भ्रमण संस्कृति की दार्शनिक पृष्ठभूमि– पृ0– 25
25. दार्शनिक, त्रैमासिक– अंक– 1 वर्ष 1985, पृ0– 1

Samaj Vigyan Shodh Patrika

Vol. 2 No. XXXX (2017-18)
ISSN 0973-7626
RNI: UPBIL/2005/16107
OCTOBER 2017 - MARCH 2018

1857 के आलोक में "खल्क खुदा का, मुल्क बादशाह का, हुक्म नवाब महमुद खाँ का" पर एक विहंगम दृष्टि

डॉ. कुलदीप कुमार त्यागी
मेरठ।

बिजनौर जिले में 1857 की क्रान्ति से उत्पन्न भयावह स्थिति को देखते हुए, 3 जून 1857 को जिला मजिस्ट्रेट मि० शैक्सपियर को मुरादाबाद से पत्र द्वारा सूचित किया गया कि वह समस्त यूरोपियन्स सहित तत्काल बिजनौर से पलायन कर जाये। 6 जून को यद्यपि शैक्सपियर ने मेरठ से सहायता मांगी, किन्तु वहाँ की पूर्व में ही जटिल परिस्थितियों के कारण उसकी यह मांग अस्वीकृत कर दी गई। अगले ही दिन 7 जून 1857 को नवाब नजीबाबाद महमूद खाँ एक बार फिर बिजनौर आ पहुँचा। उसके आने से ब्रिटिश दस्तों में संसूचित पठान व अन्य सैनिकों में नवाब के प्रति सहानुभूति के भाव उत्पन्न हो गये थे, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि अब नवाब का शासन आने वाला है। ऐसे में मि० शैक्सपियर ने समस्त यूरोपियन्स सहित बिजनौर जिले से बाहर जाने का निर्णय लिया। यह सत्यता थी कि यदि वे बिजनौर से सुरक्षित न निकल पाते तो शीघ्र ही मार दिये जाते। ऐसी विकटतम परिस्थितियों में वहाँ तैनात सब–ऑर्डिनेट जज (सदर अमीन) सय्यद अहमद खाँ, जिसका प्रभाव नवाब महमूद खाँ पर भी काफी था, ने नवाब को इसके लिए राजी कर लिया कि नवाब स्वयं इस उपद्रव से दूर रहे। नवाब बाहरी रूप से यह प्रदर्शित कर रहा था कि बिजनौर आने का उसका उद्देश्य अंग्रेजों की सहायता करना है।

7 जून 1857 को सायंकाल चौधरी ताजपुर प्रताप सिंह को उसी दिन के लिखे पत्र मिले, जिनमें बरेली के खान बहादुर खाँ द्वारा की गई ब्रिटिश विरोधी कार्यवाहियों का उल्लेख था। यह पत्र चौधरी ताजपुर ने मि० शैक्सपियर को दिखाये। नवाब महमूद खाँ को भी बरेली व मुरादाबाद में ब्रिटिश विरोधी कार्यवाहियों की सूचना मिल चुकी थी, जिसने नवाब के मन में अपना शासन स्थापित करने की लालसा को जन्म दिया। इससे उत्साहित नवाब ने रात्रि को ही विप्लव की योजना बनाई। इसका संकेत इस बात से मिलता है कि उसी दिन शैक्यपियर के दो बार बुलावे पर भी नवाब उपस्थित नहीं हुआ था। शैक्सपियर समझ चुका था कि उस रात ही बिजनौर के समक्ष यूरोपियन्स की हत्या कर खाजने को हस्तगत करना नवाब की प्रमुख विप्लवी योजना थी। इस स्थिति में मि० शैक्सपियर ने अपने सदर अमीन सय्यद अहमद खाँ को नवाब के पास भेजा, उसने नवाब को आश्वस्त कर दिया कि खजाना बिजनौर से बाहर नहीं भिजवाया जा रहा था। उसी दिन 29वीं देशी पैदल सेना के क्रान्तिकारी सैनिक दो तोपों के साथ खजाना हस्तगत करने के लिए मुरादाबाद से बिजनौर आ पहुँचे। वे उसी रात खजाना लूटने के लिए प्रतिबद्ध

थे। इन भयावह परिस्थितियों में समाधान निकालने के लिए ब्रिटिश अधिकारियों ने मंत्रणाएं कीं। अंततः निर्णय लिया कि यूरोपियन स्त्री व बच्चों को तत्काल रात्रि में ही जिले से बाहर सुरक्षित भेज दें और पुरूष वर्ग उनके पीछे जिला छोड़ दे। किन्तु रास्ते में अनहोनी की आशंका से बचने के लिए इस सम्बन्ध में नवाब महमूद खाँ से परामर्श करना उचित समझा गया और इस दुरूह कार्य के लिए एक बार फिर सय्यद अहमद खाँ की सेवाएं ली गईं। सय्यद अहमद खाँ ने नवाब से मुलाकात कर उसे इस बात के लिए तैयार कर लिया कि नवाब को गलत काम में अपना नाम नहीं जोड़ना चाहिए। नवाब का शुभचिंतक बनते हुए उसने नवाब को विश्वास दिलाया कि एक–दो दिन में जब यूरोपियन जिले से बाहर चले जायेंगे, तो वही जिले का मालिक होगा। नवाब उसके इस तर्क से प्रभावित तो हुआ, किन्तु उसने विचार प्रकट किया कि–

"यदि ब्रिटिश अधिकारी बिजनौर से जाने वाले थे, तो उसी रात को चले जाते, अन्यथा उनमें से कुछ की हत्या हो सकती थी।"

क्योंकि अफगान सैनिकों पर नवाब का नियंत्रण नहीं था। इस वार्ता की सूचना सय्यद अहमद खाँ ने मि० शैक्सपियर को दी। अब उस भारतीय के नाम पर विचार किया गया, जिसे जिले की कमान सौंपी जाये। शैक्सपियर ने हल्दौर व ताजपुर के चौधरियों को भी जिले की कमान सौंपने का प्रस्ताव रखा, किन्तु तत्कालीन परिस्थितियों ने उन दोनों चौधरियों ने अपनी असमर्थता व्यक्त की। अंततः शैक्सपियर ने नवाब को ही कमान सौंपने का निश्चय किया। इस समय रात्रि का एक बज रहा था अर्थात् 8 जून की तारीख प्रारम्भ हो चुकी थी। रात्रि दो बजे मि० शैक्सपियर ने नवाब महमूद खाँ को जिले का चार्ज लेने के लिए निमंत्रित किया। महमूद खाँ रात के दो बजे कलक्ट्रेट आवास पर जिले का चार्ज लेने आ पहुँचा। शैक्सपियर ने नवाब को एक कागज पर लिखकर जिले का चार्ज हस्तांतरित कर दिया, जिसमें शैक्सपियर ने अपने आने तक सार्वजनिक व निजी सम्पत्ति की सुरक्षा की जिम्मेदारी नवाब को दी थी। राजस्व एकत्र करने का अधिकार न देते हुए खजाना से आवश्यकतानुसार धन व्यय करने की पूर्ण स्वतंत्रता नवाब को थी। उसने नवाब को यह भी सूचित किया कि वह नदी पार अपनी पत्नी व अन्य यरोपियन्स से मिलने जा रहा है, और दस दिन से अधिक अनुपस्थित नहीं रहेगा।

इसके पश्चात् प्रातः 3 बजे कलैक्टर मि० शैक्सपियर, उसकी सहायता के लिए बरेली से आया। रिसालदार कुतुबुद्दीन व कुछ अन्य निजी घुड़सवारों के साथ, श्रीमती शैक्सपियर उनका बच्चा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व डिप्टी कलैक्टर मि० पॉमर, सिविल सर्जन डॉ० नाइट, श्रीमती नाइट, मि० राबर्ट क्यूरी, मि० लेमेस्टर हैड क्लर्क, श्रीमती लेमेस्टर उनके तीन बच्चे, क्लर्क मि० जानसन, मि० मर्फी, श्रीमती मर्फी, उनके चार बच्चे, मि० कैबूड़ के साथ गंगा की ओर चले। ये रात्रि समाप्त होने से पूर्व ही अपने गंतव्य तक पहुँचना चाहते थे, किन्तु अकस्मात हुए उनके प्रस्थान के कारण गंगा पर नावों का कोई प्रबन्ध न था। गंगा पार करने में ही लगभग 8–10 घंटे लगे। जून की तपती धूप और गर्म रेत में बिना विशेष प्रबन्ध के की जा रही यह यात्रा इतनी कष्टकारी सिद्ध हुई कि वे शाम तक मुजफ्फरनगर ही पहुँचे सके। बेहाल स्थिति में 9 जून को एक दिन के लिए इन सभी ने मुजफ्फरनगर में ही आराम किया। 10 जून की प्रातः वे सभी मुजफ्फरनगर से रुड़की के लिए चले। चौथी इर्रेग्युलर कैवलरी दस्ते के 12 सवारों को भी उन्होंने अपने साथ ले लिया। यह दस्ता एडमटैण्ट लैफ्टिनेण्ट स्मिथ की कमान में मुजफ्फरनगर में तैनात था। अंततः यह दल 11 जून की रात सुरक्षित रुड़की जा पहुँचा।

उधर 8 जून 1857 की प्रभात वेला बिजनौर जिले के लिए एक विशेष संदेहवाहक सिद्ध हुई। लगभग 156 वर्षों में इस भूखण्ड पर एक बार फिर

रूहेलों का प्रशासन स्थापित–सा हो गया। भोर में ढोल की थाप पर ये स्वर सुनाई दिये–

"खल्क खुदा का – मुल्क बादशाह का – हुक्म नवाब महमूद का"

अगले दिन 9 जून से जेल में नवाब के विश्वस्त गार्ड रामस्वरूप की देखरेख में विप्लवी सैनिकों की भर्ती शुरू हुई। रामस्वरूप को इस भर्ती का सर्वेसर्वा बनाया गया। जिले का नया प्रशासन भी 9 जून 1857 से ही अस्तित्व में आया। ठाकुरद्वारा के मुंसिफ अजमतउल्लाह को पेशदस्त नियुक्त किया। अपने निकटवर्ती रिश्तेदार अहमदउल्लाह को उपप्रशासक बनाया गया। राजस्व और न्यायालय पर इसी का प्रभाव था। शफीउल्लाह को नजीबाबाद का तहसीलदार बनाया गया, जोकि नवाब का भतीजा था। अहमदयार खाँ उर्फ कल्लन प्रधान सेनापति और हबीबुल्ला खाँ को बख्शी नियुक्त किया। कलैक्ट्रेट के समाने छप्पर डालकर बैरकें बनाई गईं। बिजनौर में यूरोपियन अधिकारियों के घरों ओर कार्यालयों में जो भी फर्नीचर था, वह सभी नजीबाबाद भिजवा दिया गया। नवाब का सर्वप्रथम कार्य खजाने को नजीबाबाद भिजवाना था। तत्पश्चात् उसने जागीरदार का विरोध करना प्रारम्भ किया। नवाब के मंतव्य को समझकर बिजनौर के रईस चौधरी नैन सिंह व चौधरी बुद्ध सिंह ने उसका विरोध करना उचित समझा। हजारों की संख्या में समर्थक ग्रामीण उनके यहाँ एकत्र हो गये। नवाब को इसका भान हुआ तथा उसने मामले को सुलझाना चाहा। इस पर दोनों चौधरी एक शाम नवाब से वार्तालाप करने उसके आवास पर गये, किन्तु भेंट न हो सकी। 23 जून 1857 को अहमदउल्ला खाँ और दोनों चौधरियों के मध्य कचहरी में लम्बा विचार–विमार्श हुआ। अंततः दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। अहमदउल्ला खाँ और नवाब महमूद खाँ ने कुरान पर हाथ रखकर कसमें खाईं। दोनों चौधरियों ने गंगाजल हाथ में लेकर शपथ ली। इस प्रकार शान्ति स्थापित हो गई। 18 जुलाई 1857 नवाब ने 80 तोले वजन वाले नये सेर को समाप्त कर दिया, क्योंकि यह अंग्रेजी राज्य का द्योतक था। उसने सौ तोले वाले पुराने सेर का ही पुनः प्रचलन शुरू किया और उसी पर शाही मोहर लगवा दी। दूसरी ओर 13 जुलाई को अहमदउल्ला खाँ नजीबाबाद से चलकर नगीना जा पहुँचा। यहाँ से अगले दिन वह धामपुर आया। यहाँ हिन्दू–मुसलमानों, सभी ने उसका स्वागत किया। 19 जुलाई को शेरकोट के चौधरीगण उसके प्रति सम्मान व्यक्त करने धामपुर आये। दूसरी ओर अमदूखान, जो कि नवाब महमूद खाँ का सेवक था, अंग्रेजो के जिला छोड़कर चले जाने के पश्चात् दिल्ली से मुगल सम्राट बहादुरशाह जफर के द्वारा नवाब महमूद खाँ के नाम जारी शाही हुकुमनामा लेकर बिजनौर लौटा, जिसके आधार पर नवाब ने स्वयं को मुगल बादशाह का इस भूखण्ड का वैध प्रतिनिधि घोषित कर दिया था।

: सन्दर्भ सूची :

1. Freedom Struggle in Uttar Pradesh, Vol. 5, P. 249-S.A.A. Rizvi.
2. रिसाले असबास–ए–हिन्द 1858, इंग्लिश ट्रान्सलेशन बाय ग्राह्म एण्ड कोलविन, बनारस।
3. Asar us Sanadid, New Delhi, 1990.
4. The causes of the Indian Revolt, Translated into English by his Two English friends, Benares, 1873 (reprint edition introduced by Francis Robinson, Karachi,. 2000).
5. History of Bijnor Rebellion (Tr. With notes and introduction by Hafeez Malik and Morris Dembo). Delhi, Idarah-i-Adabiyal-I, Delhi, 1982.
6. Asbabe-e-Sarkashi-e-Hindustan (An Eassy on the Causes of the Indian Revolt), Agra 1859.
7. History of the Bijnor, P.22, 23, Sr. Sayyad Ahamad Khan.
8. The Revolt of 1857 in Bijnor- P.105- Ritu Singh.
9. Letter No.106 (24th)
10. District Gazetteers, Bijnor - 1968, P.47

Samaj Vigyan Shodh Patrika

Vol. 2 No. XXXX (2017-18)
ISSN 0973-7626
RNI: UPBIL/2005/16107
OCTOBER 2017 - MARCH 2018

LACK OF VALUES AND MORAL DEGRADATION IN MODERN YOUTH : ACT NOW TO SAFEGUARD THE FUTURE

Dr. Prabha Sharma
Associate Prof, Sociology Deptt.
Govt. Girls (P.G.)College, Rampur

Ms. Swati Bhardwaj
Research Scholar
Govt. Girls (P.G.)College, Rampur

Introduction:

There is a maddening pursuit to accumulate, wealth, power and status to the total exclusion of humanness in us. This trend of decline in human values does pose serious threat to the future course of development of the country but even for its survival, respect and authority itself. Though, change in social/ human values in younger generation is inevitable with time but the decline in Indian generation is at an alarming rate as compared to any other country all over the world. It devolves on the parents, teachers and society to imbibe the desired human values in the younger generation. In the real life situation we are swayed by narrow parochial considerations and there the situation is marked by violence, greed, thefts, drug addiction and terrorism etc. Our institutions of learning are preparing efficient individuals, but not good citizens or humans. Thus it has been commonly believed that there has been a rapid erosion of ethical and moral values in Indian society.

The present educational system with all its complexities and intricacies has proved to be deficient in so far as it neglects or does not give the deserving importance to values in human life. Thus human sufferings and sorrows are forever on the increase in spite of the phenomenal explosion of knowledge values have become the neglected lot in the current educational system and consequently the maxim "education change the man" has almost lost its "values".

Education without values is crime; education without mission is life burden. Education in our life enables us to become comfortable and to look after our family well out so far as the social progress is concerned, value based education is need of the hour for this purpose value based education and morals have become indispensable.

Definition of Value:

The values are truth, Right Action, Peace, Love and Non-Violence; these human values should be deemed as the fivefold breaths or panchparanas. Since the values constitute the life breaths one who does not radiate the values in his actions is deemed to be lifeless.

This concept indicates that life is like a flowing river in which water of Artha and Karma is continuously flowing with constant changes but it must be protected and controlled by its banks, Dharma and Moksha. Wealth and enjoyment must not break the banks by their flooded state. If it is done the whole life will be

scattered. Today we all are facing a very crucial life with all the tensions and worries as we all are running after materialistic life.

What are Morals?:

They are acceptable standard of general conduct or behavior by an average person or the society at large.

Moral degradation of youth is an important problem of emerging India. Morality is about the appropriateness of goodness of what a person does, think or feel. Morality helps one to make right moral judgment and thus present acceptable behavior. Youth power is the driving force of a nation; if it moves in right direction. But now a day is adversely diverted through different immoral activities which does not only influence the present Indian society but also it stimulates the future generation of our civilization. Therefore, it is imperative and a duty of everybody to find out the solution of this crucial problem to establish India in the world of peace and harmony that very much depends on the hands of young generation.

Morality originates from the latin word 'moralitas' refers to "manner, character, proper behavior" which differentiates intentions, decisions and actions between those that are good or bad. They are acceptable standard of general conduct or behavior when judged by an average person or the society at large. Morality plays a healthy synthesis between people, co-operate each other in a harmonic manner, understand the right or wrong differentiation makes a value based society. Moral values reduce social problems like unrest, social erosion, crime, separatism, class conflict, isolation, lack of well being and after all collective distance.

There are innumerable causes of lack of values and moral degradation amongst our youths. Few of them are discussed below:

Parents: Parents behavior affects the child's personality, character and is also responsible for instilling moral values in them. Today educated and not educated parents gives more concerned with their children's academic achievement than cultural, traditional and above all right morals and values.

Working parents fails to inculcate discipline in their children, endow their children with less emotional attention, make few demands on their children for better behavior and allow them to regulate their own activities; are the ones who end up raising the moral flawed and value less children.

Now days the control of parents has been decreasing from the children this autonomous life has become fashion among today's youth. Consequently the youth are being diverted by external force and engage themselves in night club, rocking, unwanted discussions and so many undesirable affairs. This sort of isolation, lack of love and affection from family has been endangering and spoiling their lives resulting unrest and agitation.

Defective education system: After more than 60 years of India independence, there is lack of proper education infrastructure, essential elements from which youth can learn properly. The British system of education that we have adopted gives Indian children the impression that traditional Indian culture and values need to be despised for they are impractical, archaic and superstitious. The present system of education teaches children to be more materialistic and worldly rather than socialistic and spiritualism. Education is becoming professional which never teach moral perspectives of education. This sort of educational deprivation has created crisis of employment that have been raising agitation. According to Dr. Martin Luther King "we must remember that the intelligence is not enough. Intelligence plus character- that is the goal of true education.

Mass Media Influence:

Undoubtedly TV, print media, internet blogs and websites, cinemas, role models play an important role in honing and shaping the personality of the youth. Many media images, movies and games that not only neutralize violence but often glorify it there is so much violence, vulgarity in all these entertainment avenues and if a majority of youth watches thee, the impact of the same on the next generation can't be positive.

Attraction of change:

Advent of modernization has spread over the younger generation of the society. Consequently our youth have disassociated themselves from their own identity, tradition and cultural heritage.

Desire of self- exhibition:

Adolescence is a time period when youth begin to analyze issues, develop view points, rationalize, question the status quo, rebel and struggle to develop a personality of their own. Desire of self- exhibition often takes a youth towards crime and immoral behavior like smoking, drinking, delivering abusing words, quarreling, sex abuse etc.

Dirty politics:

Most of the political parties have a tendency to capture youth to strengthen and developed their structure. All the political parties have been fulfilling their own interest by involving them into different movements with the assurance of employment and numerous greed and promises. Being inspired by those, the youth is being adversely affected and the society is being polluted by an unstable situation.

"Consequences of weak values and moral degradation:

If the younger generation becomes violent, impatient and intolerant it can breakdown social harmony as well as national integration, which in return will stunt the growth and progress of the country. The creative mind of youth towards unsocial activities will give rise to law breakers and a country with chaotic and dark future.

Fixing the responsibility:

Life has become so busy now that man has 'no time to wait and see'. He cannot even enjoy a leisurely breath. As s a result, joint family system has deteriorated; people seem to have adopted false and wrong notions regarding social prestige; the young are compelled to take breath-taking competitions; more and more people have fallen to bad habits. There was a time when the need of value education was fulfilled at least to some extent by the joint family system itself, but now that system has been totally eclipsed, the schools and colleges are required to play an important and significant role in the matter of moral and value education. It is the historical need of the hour that education has to bear the cross for the well- being of mankind, 'Education must come forward as the savior of mankind.'

REFERENCES

1. Ahuja.R (2009): "Social Problems in India"Rawat Publication, New Delhi
2. Madan .G.R. (2009) Vol-1, Allied Publishers Pvt. Ltd, New Delhi
3. Chilkars, M.G. (2003) "Education and Human Values"
4. Sharma R.A. (2005) "Philosphical Problem of Education"Surya Publication, Meerut
5. Mohan. D. (1980): "Drug Abuse In Indian Streams Research Journal India", A.I.I.MS. New Delhi
